हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 17 मार्च 2026

11 सुंदर कांड के पाठ से शुरू होगा हनुमान मंदिर बुधला...

12 हांसी शहर की सभी गलियां और सड़कें होनी चाहिए...

## खबर संक्षेप

### दुकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने दुकान में चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी नकदी में से 500 रुपये बरामद किए हैं। एसआई जोगिन्द्र कुमार ने बताया कि हांसी निवासी मनोहर ने 18 फरवरी को शहर थाना में शिकायत दी कि 17 फरवरी शाम को दुकान बंद करके घर चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह दुकान पर आया तो दुकान के पीछे लगा शटर खुला तथा दुकान के गल्ले में रखी नकदी गायब मिली थी। जांच अधिकारी ने बताया कि जोगिंद्र की शिकायत पर मामला दर्ज कर साक्ष्यों व अन्य तथ्यों के आधार पर कुंभा निवासी सोहन उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### घर में घुसकर चोरी करने का आरोपी दबोचा

**हिसार।** सदर पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दाहिमा निवासी प्रदीप के रूप में हुई है। इस संबंध में लाडवा निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को अपनी शिकायत में उसने बताया कि वह मय्यड़ में शैटरिंग की दुकान करता है। गत 9 मार्च दोपहर को कोई उसके घर में घुस गया और अलमारी में रखे 34 हजार रुपये चुरा ले गया। छानबीन करते हुए पुलिस ने दाहिमा निवासी प्रदीप को काबू किया है। पुलिस ने पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से 10 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 5.86 मिलीग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हिसार।** पड़ाव चौकी पुलिस टीम ने हेरोइन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी विकास नगर का रहने वाला ओमप्रकाश है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पड़ाव चौकी की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान शक के आधार पर एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम विकास नगर निवासी ओमप्रकाश बताया। पुलिस को पता चला था कि विकास नगर में एक युवक नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है और फिलहाल वो विकास नगर क्षेत्र की झाड़ियों में चिट्टा बेचने आया हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उसे काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 5.86 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

### नगर निगम ने पकड़े 51 बेसहारा पशु

**हिसार।** नगर निगम की टीम ने सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में पशु पकड़ो अभियान चलाया। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने नई सब्जी मंडी कैंची चौक, सेक्टर-21, गवर्नमेंट कॉलोनी क्षेत्र से 51 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। जिनमें 36 गाय, 7 नर्दी व 3 बछड़े 5 बछड़ी पकड़े गए सभी पशुओं को गोअभयारण्य भेज दिया गया है।

**समाधान शिविर:** डीसी ने सुनीं जनसमस्याएं, कहा- जांच कर तुरंत कदम उठाएं अधिकारी

# पेड़ कटाई, जोहड़ कब्जा और सीवरेज समस्या के मुद्दों पर डीसी सख्त, कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में सोमवार को उपायुक्त महेंद्र पाल ने नागरिकों की समस्याओं का सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनके निदान की दिशा में जरूरी कदम उठाने की हिदायत दी। समाधान शिविर में गांव रावतखेड़ा निवासी एक प्रार्थी द्वारा हरे पेड़ों की कटाई संबंधी शिकायत पर उपायुक्त ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को संबंधित नागरिकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। गांव बालसमंद निवासी एक प्रार्थी द्वारा जोहड़ की जमीन पर कब्जा छुड़वाने की मांग पर उपायुक्त ने डीडीपीओ को मौका मुआयना कर आगामी कार्रवाई करने की हिदायत दी। समाधान शिविर में दि हिसार स्कोलर सहकारी गृह निर्माण सोसायटी गंगवा के सदस्य अजमेर सिंह ने उपायुक्त के समक्ष अपनी शिकायत रखते हुए कहा कि सहकारी समितियां कार्यालय से सहायक रजिस्ट्रार द्वारा गृह निर्माण सोसायटी के प्रधान यश कुमार, उप प्रधान नीरज वर्मा व सदस्य कपीला को निलंबित कर दिया है, लेकिन अभी तक सोसायटी का रिकॉर्ड उनके कब्जे से नहीं लिया गया है। ऐसे में रिकॉर्ड से छेड़छाड़ व मनमानी की संभावना बढ़ जाती है। अतः जल्द से जल्द प्रबंधक कमेटी के सदस्यों की बैठक बुलाते हुए पूर्व प्रबंधन कमेटी से सोसायटी का सारा रिकॉर्ड लेकर सोसायटी कार्यालय में रखवाया जाए ताकि जरूरतमंद शेयर होल्डर व प्लॉट धारकों को दिक्कत न हो। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आगामी कार्रवाई करने की हिदायत दी।

**हिसार।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते उपायुक्त महेंद्र पाल।

### दुकानों के लिए पानी की पाइपलाइन लगवाने की मांग

आजाद नगर निवासी एक अन्य प्रार्थी द्वारा सीवरेज पानी निकासी की शिकायत तथा मुल्तानी चौक निवासी शुभम द्वारा राजगुरु मार्केट (गोल मार्केट) की दुकानों के लिए पानी की पाइप लाइन लगवाने की मांग पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के एसई को मामले की जांच कर समस्या के समाधान को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने की हिदायत दी। एक प्रार्थी द्वारा मील में कार्य करने की पेमेंट न देने की शिकायत पर उपायुक्त ने सहायक श्रम आयुक्त को प्रार्थी के समक्ष आ रही समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीसी विकास यादव, नगराधीश हरिराम, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## योजनाओं का फायदा लेने के लिए काटने पड़ रहे चक्कर

नारनौंद: सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी और पेंशन योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को अभी भी सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। समाधान शिविर में पहुंचने के बाद भी कई फरियादियों को राहत नहीं मिल पा रही। हालांकि शिविर में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों का दावा है कि हर शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। सोमवार को नारनौंद उपमंडल परिसर में आयोजित समाधान शिविर में कई ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। गांव राजथल के राजकुमार ने बताया कि वह लंबे समय से बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए प्रयास कर रहा है, लेकिन आज तक उसकी पेंशन शुरू नहीं हो पाई।

### हर बार मांग लिया जाता है नया कागज

राखी शाहपुर के कुलदीप ने कहा कि विधुर पेंशन बनवाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ रहा है और हर बार नया कागज मांग लिया जाता है। राखी खास के रघुबीर भी बुढ़ापा पेंशन के लिए कई बार चक्कर काट चुके हैं। मिर्चपुर के कृष्ण ने बताया कि वह पांच साल पहले दिव्यांग हो गया था और तब से पेंशन के लिए प्रयास कर रहा है।मिर्चपुर की पिंकी ने बताया कि दो साल पहले उसके पति की मृत्यु हो गई थी। उसने विधवा पेंशन के लिए फार्म भी जमा करवाया था, लेकिन अभी तक पेंशन शुरू नहीं हुई। सोमवार को उसे कुछ और कागजात देने के लिए कहा गया और जल्द पेंशन बनने का आश्वासन दिया गया।वहीं क्रीड़ से संदीप और समाज कल्याण विभाग के सतबीर ने बताया कि कई लोग योजनाओं का लाभ लेने के लिए पूरे दस्तावेज जमा नहीं कराते, जिससे प्रक्रिया में देरी होती है। उन्होंने बताया कि सोमवार को करीब 31 लोगों की बुढ़ापा, विधवा, विधुर और दिव्यांग पेंशन स्वीकृत की गई।सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन व पूर्व चेयरमैन शमशेर सैनी और सुरेश एमसी ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। जिनकी फाइल अधूरी होती है, उन्हें जरूरी दस्तावेज पूरे करने के लिए बताया जाता है।

**हांसी।** समाधान शिविर में समस्याएं सुनते एसडीएम राजेश खोथ।

## मुल्तान व जगदीश कॉलोनी में एक महीने से दूषित पेयजल की आपूर्ति

**हांसी।** जिला सचिवालय में सोमवार को एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से 30 से अधिक लोगों ने शिकायतें दर्ज कराई। इस दौरान लोगों विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें और मांगें अधिकारियों के सामने रखी गईं, जिनमें से कई मामलों पर मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश दिए गए। शिविर में मुल्तान कॉलोनी और जगदीश कॉलोनी के निवासियों ने उनके घरों में पिछले एक महीने से गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायत की। पार्षद ज्योति कामरा ने बताया कि गंदे पानी से लोगों को परेशानी हो रही है इस दौरान उन्होंने कॉलोनी में आ रही सप्लाई से भरी एक गंदे पानी की बोतल एसडीएम राजेश खोथ के सामने रखी।

### आज तक नहीं मिला बर्बाद फसल का मुआवजा

पार्षद ने बताया कि बरसाती सीजन में कॉलोनी में हुए जलभराव के कारण कई मकानों को नुकसान पहुंचा था। लेकिन आज तक प्रभावितों को मुआवजा नहीं मिला है। शिविर में जगदीश कॉलोनी के निवासियों ने पानी निकासी के नालों की सफाई की मांग की। ढाणी पीर वाली के ग्रामीणों ने प्रॉपर्टी आईडी बनवाने में आ रही समस्याओं को लेकर पहुंचे।भाटला गांव में पति-पत्नी की मौत के बाद अनाथ हुई दो बेटियों के ताऊ राजेश ने शिविर में बच्चियों को आर्थिक मदद की गुहार लगाई। एसडीएम राजेश खोथ ने तुरंत मामले का संज्ञान लिया और बच्चियों को निराश्रित पेंशन तथा अन्य सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने बताया कि यदि बच्चियां बीपीएल कार्डधारी परिवार से हैं, तो उन्हें माता-पिता की मृत्यु के बाद पांच-पांच लाख रुपये की सहायता भी मिल सकती है। मृतक के भाई ने बच्चियों के बैंक खाते खुलवाने में आ रही दिक्कतों का मुद्दा भी उठाया। इस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर हांसी हेल्प ग्रुप ने भी बच्चियों को 25 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की।

### बसों में तेज साउंड सिस्टम पर जताई आपत्ति

समाधान शिविर बांडाहेड़ी से आईं मीना बेनीवाल ने रोडवेज बसों में तेज आवाज में बजने वाले साउंड सिस्टम पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इससे बुजुर्गों और महिलाओं के लिए परेशानी का कारण बताया, जिस पर एसडीएम ने आरटीओ और रोडवेज जीएम को पत्र लिखने के निर्देश दिए।

# कुल्हाड़ी मारकर दिव्यांग चौकीदार की हत्या करने के दोषी को उम्रकैद

- 22 अप्रैल 2023 में श्री श्याम भगवान कृष्ण कपिल गोशाला शांति नगर में हुई थी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अदालत ने शांति नगर स्थित गोशाला में कुल्हाड़ी मारकर 40 वर्षीय दिव्यांग चौकीदार योगेश उर्फ सोनू की हत्या करने के मामले में दोषी करार जींद निवासी आरोपी कपिल उर्फ जितेंद्र को उम्रकैद व डेढ़ लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। बता दें कि अदालत ने कपिल उर्फ जितेंद्र को 12 मार्च को दोषी करार दिया था। मामले के एक अन्य आरोपी अमन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था।

अदालत में चले मामले के अनुसार एचटीएम थाना पुलिस ने 22 अप्रैल 2023 को शिकायत के आधार पर हत्या का केस दर्ज किया था। राजीव नगर हाल किरायेदार देव वाटिका निवासी राजकुमार ने पुलिस को बताया था कि उसका बड़ा बेटा 40 वर्षीय योगेश उर्फ सोनू करीब चार साल से श्री श्याम भगवान कृष्ण कपिल गौशाला शांति नगर में चौकीदार करता था। उसके साथ दो अन्य लड़के राजीव नगर निवासी अमन व जीन्द निवासी कपिल उर्फ जितेंद्र भी गौशाला में रहते थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि 22 अप्रैल 2023 को उसे सूचना मिली कि बेटे योगेश उर्फ सोनू की हत्या कर दी है। इस पर वह गौशाला मे अपने परिवार सहित पहुंचा तो देखा कि गेट के पास काफी खून पड़ा है और एक कुल्हाडी पड़ी है। बेटे के सिर में चोट लगने से काफी खून निकला हुआ था। अमन व कपिल उर्फ़ जितेंद्र भी मौके से गायब थे। इसके बाद शक हुआ कि बेटे योगेश की रात्रि को अमन व कपिल ने कुल्हड़ी मारकर हत्या की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। अदालत में चले अभियोग में कपिल उर्फ जितेन्द्र को दोषी करार दिया था, जबकि इस मामले में अमन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था।

## चार दिन पहले पुलिस ने दर्ज की थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

# महिला की हत्या के आरोप में सेना का अर्दली गिरफ्तार, दो दिन के रिमांड पर

- सरगुजा (छग)के बालेश्वर कुन्जूर के रूप में हुई आरोपी की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पुलिस ने सदर क्षेत्र में हुई 37 वर्षीय महिला की हत्या के आरोप में सेना के एक अर्दली को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अर्दली की पहचान छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिला निवासी बालेश्वर कुन्जूर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी को घटनास्थल पर ले जाकर सीन रीक्रिएट करवाएगी। इस प्रक्रिया से मामले से जुड़ी अहम जानकारियां जुटाने का प्रयास किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, मृतका के पति ने पहले उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जांच के दौरान हत्या के साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने मामले में हत्या की धाराएं जोड़ दी हैं। आरोपी तक पहुंचने सैन्य पुलिस की बड़ी भूमिका रही। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने महिला के हाथ बांधकर उसे अपने क्वार्टर के पीछे पार्क के पास झाड़ियों में जमीन में दबा दिया था। महिला के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। परिजनों ने मामले में दुष्कर्म की आशंका भी जताई है, जिसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

### चार साल से कर रही थी काम

मृतका के भाई ने बताया कि उसकी बहन की शादी करीब सात साल पहले हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। वह पिछले चार वर्षों से सदर क्षेत्र की एक कॉलोनी में काम कर रही थी। जिस घर में वह काम करती थी।

### रेप के बाद हत्या की आशंका

मृतका के पति ने रेप के बाद हत्या की आशंका जताई है। पति के अनुसार उसकी पत्नी एक घर में सफाई और खाना बनाने का काम करती थी। शिकायत के अनुसार घटना वाले दिन सुबह 9 बजे काम पर जाने के बाद वह घर लौटी थी, लेकिन दोपहर करीब 12 बजे उसे खाना लेकर आने के बहाने बुलाया गया, जिसके बाद वह वापस नहीं आई। काफी तलाश के बाद 12 मार्च को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी।

### कई लोगों से की जा रही पूछताछ

मृतका के पति का कहना है कि उसे देर शाम सूचना मिली कि उसकी पत्नी का शव बरामद हुआ है। उसका चेहरा बुरी तरह जख्मी था और उसे बैग में डालकर दबा दिया गया था। पुलिस कुछ संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ कर रही है और मामले की गहन जांच जारी है।

# कल से फिर करवट लेगा मौसम, 21 मार्च तक तेज अंधड़ के साथ बरसात की संभावना

**हिसार।** पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के चलते हिसार व आसपास के क्षेत्रों में अधिकतम व न्यूनतम पारे में गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को हिसार का दिन व रात का तापमान क्रमशः 27.2 और 14.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम आए बदलाव के चलते दिन का पारा करीब 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरा है। उधर, मौसम वैज्ञानिकों ने 18 मार्च के बाद फिर से मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। इस दौरान देश के एनसीआर क्षेत्र में तेज अधड़ के साथ हल्की से माध्यम बारिश व कहीं-कहीं ओलावृष्टि की आशंका है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि मार्च के दूसरे पखवाड़े में मौसम परिस्थितियों को ध्यान रखते हुए अपने कृषि कार्यों को अंजाम दें। जिन किसानों ने अपनी कृषि फसलें कटाई कर लिया है उनको संरक्षित करें और वेयर हाउस में रखें या तिरपाल से ढक कर रखें। क्योंकि मार्च महीने के अंतिम दिनों और अप्रैल महीने के पहले सप्ताह में लगातार 3-4 सक्रिय पश्चिमी मौसम प्रणालियां सक्रिय होने की संभावना बन रही है।

### आगे ऐसा रहेगा मौसम

मौसम वैज्ञानिक चंद्रमोहन ने बताया कि 18-19 मार्च को एक और सशक्त पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने की प्रबल संभावनाएं है। इस पश्चिमी मौसम प्रणाली के असर से मैदानी राज्यों विशेषकर दक्षिणी पंजाब और उत्तरी राजस्थान पर एक चक्रवातीय सर्कुलेशन परिसंचरण विकसित होने से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी को नमी मिलेगी। इस पश्चिमी मौसम प्रणाली से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी और मैदानी राज्यों पंजाब, हरियाणा, एनसीआर दिल्ली राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 18 से 21 मार्च के दौरान तेज गति की हवाएं आंधी अंधड़ के साथ गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश, बूंदाबांदी और कहीं-कहीं ओलावृष्टि की प्रबल संभावना है।

## अवैध पिस्तौल सहित एक युवक गिरफ्तार, कारतूस भी बरामद

नारनौंद। पुलिस ने एक युवक को अवैध पिस्तोल और कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एएसआई प्रवीन कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान नारनौंद के बस स्टैंड के पास मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि रविन्द्र उर्फ वैद निवासी नारनौंद के पास अवैध पिस्तोल है, जो इस समय हांसी बांच नहर पर नारनौंद से माजरा की तरफ घूम रहा है। यदि तुरंत कार्रवाई की जाए तो उसे अवैध असले सहित काबू किया जा सकता है। पुलिस टीम ने तुरंत बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की, जहां एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसको पकड़ लिया और उससे पूछताछ की गई तो कर उसने अपना नाम रविंद्र उर्फ वैद बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद हुए।

**हिसार।** घिराय गांव की चौपाल में बैठक के दौरान मौजूद ग्रामीण।

# बरवाला से घिराय की ड्रेन में गंदे पानी की लाइन जोड़ने का विरोध

- यदि प्रशासन ने जबरन यह काम करने की कोशिश की तो होगा डटकर विरोध
- 20 को विधायक विनोद भयाना से मिलेंगे ग्रामीण, मांग न मानी तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

घिराय गांव की चौपाल में सोमवार को हुई ग्रामीणों की पंचायत में बरवाला से घिराय की ड्रेन में गंदे पानी की पाइपलाइन जोड़ने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया गया। पंचायत में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि किसी भी हालत में ड्रेन में गंदे पानी की पाइपलाइन नहीं जोड़ने दी जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जबरन यह काम करने की कोशिश की तो इसका जोरदार विरोध किया जाएगा।

इससे पूर्व गांव घिराय में सोमवार को ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र से जुड़े तीन महत्वपूर्ण मुद्दों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता, किसान प्रतिनिधि और गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में पहला फैसला बरवाला से आने वाले गंदे पानी की पाइपलाइन को घिराय की ड्रेन में जोड़ने के विरोध को लेकर लिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि इस मामले को लेकर 20 मार्च को हांसी के विधायक विनोद भ्याणा से मिलेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि वे पहले भी दो बार विधायक से मिल चुके हैं। यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो किसी भी हालात में बरवाला के गंदे नाले को घिराये की ड्रेन में नहीं जोड़ने दिया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि इस मुद्दे को लेकर हालात बिगड़ते हैं तो इसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। इस मौके पर कुलदीप सिंह प्रधान, सरपंच प्रतिनिधि संदीप सिंह, राममेहर बूरा, मास्टर ईश्वर सिंह, संदीप बूरा, विजय पहलवान, अमरजीत कोच, गुड्डू नंबरदार आदि थे।

### ये निर्णय भी लिए

गांव में पॉलीथिन के इस्तेमाल पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया, ताकि गांव में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। तीसरे फैसले में पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा द्वारा 19 मार्च को लघु सचिवालय हिसार के घेराव में गांव की कमेटी के शामिल होने का निर्णय लिया गया। किसानों की मांग है कि सरकार फसल खराबे का मुआवजा और बीमा क्लेम जल्द किसानों के खातों में डाले।

**नवरात्र 19 से, कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6:52 से 10:32 बजे तक**

# इस बार पालकी में आएंगी मां दुर्गा, हाथी पर करेंगी प्रस्थान

- कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6:52 से 10:32 मिनट तक रहेगा, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:05 से दोपहर 1:00 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अब की बार चैत्र वसंत नवरात्रे 19 मार्च, गुरुवार अमावस्या व प्रतिपदा तिथि शुक्ल पक्ष उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र नागकरण शुक्ल, ब्रह्म व सर्वार्थ सिद्ध योग में शुरू हो रहे हैं। चैत्र नवरात्रि हिंदू धर्म का बहुत ही पवित्र और प्रमुख त्यौहार है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हिंदू नव वर्ष की शुरुआत चैत्र मास से ही होती है। शास्त्रों के अनुसार ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना भी इसी दिन से शुरू की थी। ऋषि नगर स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पुजारी एवं राष्ट्रीय ब्राह्मण महा संस्था के पूर्व अध्यक्ष आचार्य राममेहर शास्त्री ने बताया कि नवरात्रि एक संस्कृत का शब्द है नव + रात्रि नवरात्रों में मां दुर्गा आदिशक्ति के 9 स्वरूपों की पूजा होती है। नवरात्रों में सभी शुभ कार्य किए जा सकते हैं। नवरात्रों में सोना, चांदी, प्रॉपर्टी, गाड़ी आदि खरीदना बहुत ही शुभ होता है। इस बार माता रानी नवरात्रों में पालकी पर सवार होकर आएंगी और प्रस्थान हाथी पर बैठकर करेंगी।

### 27 मार्च को दुर्गा नवमी पूजन

चैत्र नवरात्रे 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च को सम्पन्न होंगे। 26 मार्च वीरवार को दुर्गा अष्टमी कन्या पूजन किया जाएगा 27 मार्च शुक्रवार को दुर्गा नवमी पूजन किया जाएगा जिसमें नौ कन्याएं और एक लांगुरिया का पूजन किया जाता है। ध्यान रहे सभी कन्याओं की आयु 9 वर्ष तक हों, जो भक्त नवरात्रों का उपवास रखते हैं पूरे नौ व्रत रखने के बाद 10वें दिन यानी 28 मार्च को पारण करना चाहिए यानी व्रत खोलना चाहिए। जो पूरे 9 दिन व्रत नहीं रख सकते, उन्हें पहले दिन और नौवें दिन व्रत रखना चाहिए। 19 मार्च को सूर्योदय अमावस्या तिथि में ही होगा इसीलिए घटस्थापना के समय अमावस्या का प्रभाव भी रहने वाला है। वैसे तो नवरात्रों में किसी भी समय कलश स्थापना कर सकते हैं। कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6:52 से 10:32 मिनट तक रहेगा। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:05 से दोपहर 1:00 तक है। ज्योतिषविधो का कहना है कि यह दुर्लभ संयोग लगभग 72 वर्ष बाद बन रहा है। चैत्र प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 19 मार्च सुबह 6:52 पर हो रही है।

### साल दो होंगे जयेष्ठ मास

आचार्य राममेहर शास्त्री ने बताया भारतीय संस्कृति में समय की गणना केवल कैलेंडर तक सीमित नहीं मानी जाती, बल्कि इसे ग्रह नक्षत्र और ब्रह्मांडीय व्यवस्था से जोड़कर देखा जाता है। सनातन परंपरा में नए साल की 1 तारीख को बेहद पवित्र माना जाता है। इसी से पूरे साल के व्रत त्यौहार और धार्मिक कार्यक्रमों का नया कर्म शुरू होता है। हिंदू पंचांग में सामान्यत: 12 महीने होते हैं, लेकिन विक्रम संवत 2083 में 13 महीने होंगे। इस साल दो जयेष्ठ मास होंगे। इस साल में एक अतिरिक्त महीना जुड़ जाएगा जिसे मलमास अधिक मास पुरुषोत्तम मास से जाना जाता है।

### प्रमुख व्रत त्यौहार सामान्य से करीब 15 से 20 दिन आगे होंगे

राममेहर शास्त्री ने बताया हिंदू पंचांग चंद्रमा की गति पर आधारित है। चंद्रवर्ष लगभग 354 दिन का होता है। सौर वर्ष लगभग 365 दिन का माना जाता है। इस तरह दोनों के बीच लगभग 11 दिन का अंतर रहता है। इस अंतर को संतुलित करने के लिए लगभग हर तीन साल में एक अतिरिक्त महीना जोड़ दिया जाता है। यही अतिरिक्त महीना अधिक मास कहलाता है। वर्ष 2026 में अधिक मास 17 मई से 15 जून के बीच रहेगा। इसके कारण कई प्रमुख व्रत त्यौहार सामान्य समय से करीब 15 से 20 दिन आगे होंगे।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

विशेष
चैत्र नवरात्र

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक,मंगलवार
17 मार्च 2026



चैत्र नवरात्र का पर्व हम तब मनाते हैं, जब शीत ऋतु का प्रस्थान, ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो रहा होता है। यह वसंत ऋतु का समय होता है, जब वृक्षों पर नव कोंपल आ रही होती हैं, बागों में फूल महक बिखेर रहे होते हैं। प्रकृति के इस नवीन वातावरण में हम मां शक्ति की नौ दिन पूरी आस्था के साथ पूजन करते हैं, अपने भीतर आध्यात्मिक चेतना जगाते हैं। यह समय मां शक्ति की उपासना करते हुए, स्त्री की सृजनशक्ति को मान देने का भाव जगाता है।

## मां शक्ति की उपासना के साथ नवजीवन का उत्सव

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

बदलाव की स्वीकार्यता, जीवन को सहज बना देती है। यह पाठ प्रकृति से ज्यादा और कौन पढ़ा सकता है? समय के साथ आगत के स्वागत का भाव एक ओर भावनाओं के मोर्चे पर सुकून देता है तो दूसरी ओर जीवन को गति। मानवीय अनुभूतियों को आस्था के भाव संग जोड़ने का संदेश देते चैत्र नवरात्र, नएपन के ऐसे ही स्वागत-सत्कार का संदेश देते हैं। वासंतिक नवरात्र का यह समय प्रकृति के आंगन में नई कोंपलों के फूटने और रंग-बिरंगे फूलों के खिलने का समय होता है। मां भगवती के अर्चन के इन दिनों में स्त्रियां नवीनता को सहजता से आत्मसात करने का आशीष भी मांगती हैं।

### समय के साथ चलने का सुख

आस्था और पूजन-अर्चन से जुड़ीं हमारी परंपराएं प्रकृति से भी गहराई से जुड़ी हैं। यही वजह है कि हर रीत समय के साथ चलने की प्यारी सीख देती है। आस्था की यह राह मन को साधने का भी काम करती है। नई कोंपलों के स्वागत के इस मौसम में मां भगवती की उपासना के नौ दिन आध्यात्मिक चेतना के साथ और शारीरिक नवीनीकरण के दिन होते हैं। नवरात्र में उपवास करने की बात हो या दिनचर्या में सहज बदलाव कर, मां दुर्गा के नौ रूपों की साधना करते हुए मन-जीवन में नयापन लाने के प्रयास, सब कुछ नकारात्मक ऊर्जा के घेरे को कम करने से जुड़ा है। यह समय चेतनामयी आभा को पोसने वाला है। यह चेतना और सकारात्मकता, नई बातों और हालातों को अपनाकर नई शुरुआत करने की मनःस्थिति बनाती है। आमतौर पर स्त्रियां नएपन को स्वीकारने में जरा झिझकती हैं। महिलाओं के लिए समय के साथ सहजता से ढलना-बदलना मुश्किल होता है, जबकि प्रकृति और परंपराओं के इन रंगों को सबसे अधिक स्त्रियां ही जीती, निभाती और मानती हैं। ऐसे में धरा के पोर-पोर में खिलते नएपन और उल्लास के बीच चैत्र नवरात्र में अपनी भीतरी ऊर्जा को जगाने की राह जरूर पकड़ें। सशक्त मन और सजग मस्तिष्क की धनी बन, मां आदिशक्ति से जीवन के हर पड़ाव पर सहजता से जीने और नएपन से जुड़ने का आशीष भी मांगें।

### मन को आधार देती आस्था

वैज्ञानिक अध्ययन भी बताते हैं कि रंग, रस और सुगंध में डूबे संपूर्ण पर्यावरण और परिवेश में इंसानी मन में भी नई ऊर्जा का संचार होता है। चैत्र प्रतिपदा से शुरू होने वाले वासंतिक नवरात्र को परिवर्तन का भी काल जाता है। इस दौरान प्रकृति नवीन हो जाती है। धरा का कोना-कोना महकता और सजा-धजा नजर आता है। कोयल की कूक से लेकर खिलते पलाश तक, सब कुछ नवजीवन का सुंदर संदेश देता-सा लगता है। बदलते मौसम के इसी पड़ाव पर मां शक्ति की उपासना से जुड़े श्रद्धा के भाव मन को नया आधार देते हैं। नववर्ष की इस दस्तक पर कई दूसरे सार्थक रिवाज निभाए जाते हैं। ईश्वरीय शक्ति में विश्वास के संग प्रकृति को सहेजना इन परंपराओं का हिस्सा है। नदियों में स्नान करने से लेकर बरगद, पीपल सींचने तक, प्रकृति से जोड़ने वाले कई प्रण नव वर्ष के अवसर पर लिए जाते हैं। इन रिवाजों को निभाने और धरती के सहेजने वाले प्रयासों संग हर स्त्री अपने जीवन में भी नई ऊर्जा उपार्जित कर सकती है। मन की शक्ति को साधते हुए अपने व्यक्तित्व को नए रंग में ढाल सकती है।

### श्रद्धा और सृजनशीलता का उत्सव

नवरात्र के नौ दिन एक अनुष्ठान के समान होते हैं। मानसिक ऊर्जा को सहेजने का संकल्प लेने के विशेष दिन। श्रद्धा भाव से जुड़ी यह शक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से रिचार्ज करती है। नवसृजन की सोच को बल देती है। हर मन को नई ऊर्जा देने वाले इस मौसम में ऊर्जामयी प्रकृति से सीखते हुए आगे बढ़ने का प्रेरणादायी सूत्र आध्यात्मिक ही नहीं, व्यावहारिक जीवन की बेहतरी से भी जुड़ा है। यही वजह है कि मां दुर्गा की आराधना और धरती पर हर ओर फैले नएपन के उत्सव में शक्ति को साधने और मन जीवन को नई ऊर्जा देने की रीत घर-घर में रही है। यह समय धरती और मां शक्ति की उपासना करते हुए स्त्री की सृजनशक्ति को मान देने के भाव जगाता है। भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को ही प्राणशक्ति कहा गया है। हर घर में मां की भूमिका बहुत अहम होती है। जीवन देने वाली मां का स्थान सबसे ऊपर माना गया है। नवरात्र का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व प्रभु श्रीराम द्वारा मां आदिशक्ति की उपासना कर बुराई से लड़ने की शक्ति पाने से भी जुड़ा है। स्त्रियों के लिए भी मां भगवती का पूजन-अर्चन अपने सामर्थ्य को पहचानने का उत्सव ही है। नवरात्र, मुसीबतों के आगे डट कर शक्ति का आह्वान करने का अनुष्ठान है। अपने व्यक्तित्व की प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता को बल देते हुए सृजनशील रहने का भाव जगाने का अवसर भी है।

## अपनाएं सही डाइट प्लान व्रत में नहीं बिगड़ेगी सेहत

डाइट सजेशन
शीला सहरावत, डाइटीशियन

आने वाले नवरात्र के दौरान आप अगर एक-दो दिन या पूरे नौ दिन व्रत रखने वाली हैं तो आपको अपने डाइट प्लान पर ध्यान देना चाहिए। इससे आप पूरे दिन एनर्जेटिक रहेंगी और आपकी तबियत भी नहीं बिगड़ेगी।

नवरात्र के दौरान आप भी जरूर व्रत रखेंगी। लेकिन इस दौरान अगर आप अपनी डाइट का ध्यान नहीं रखेंगी तो कुछ हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। जैसे-कई महिलाओं को व्रत में अन्न और नमक न लेने से एनर्जी में कमी महसूस होने लगती है। शुगर या बीपी की पेशेंट्स भी समझ नहीं पातीं कि व्रत में क्या खाना सही रहेगा। इसलिए हम आपको ऐसा डाइट प्लान बता रहे हैं, जिससे व्रत के दौरान भी आप फिट रहेंगी और आपको कमजोरी या सुस्ती भी महसूस नहीं होगी।

### डाइट प्लान बनाएं ऐसा

- नीबू पानी और शहद मिला पानी पीने के साथ ही भिगोए हुए ड्राय फ्रूट्स से दिन की शुरुआत करें।
- लंच से पहले शरीर के टॉक्सिंस निकालने के लिए एक गिलास डिटॉक्स ड्रिंक जैसे नीबू पानी, छाछ या नारियल पानी को डाइट में अवश्य शामिल करें।
- रात के खाने में आप अंगूर, आम, अनानास जैसे खट्टे फल न खाएं। ये एसिडिटी की समस्या को बढ़ा सकते हैं।
- व्रत की डाइट में कार्ब्स, प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट का बैलेंस बनाएं।
- ज्यादा तेल या चीनी डाइट में न शामिल करें। ज्यादा चीनी वाले या क्रीमी डेजर्ट्स से भी बचें।
- कार्ब्स के लिए हल्के और कम कैलोरी वाले सामक के चावल शामिल करें।
- फाइबर से भरपूर कुट्टू की रोटी शामिल करें, इससे भूख कंट्रोल रहती है।
- फाइबर से भरपूर और कम कैलोरी वाली सब्जियां जैसे लौकी, कद्दू, शकरकंद, खीरा या टमाटर को अपनी डाइट में शामिल करें।
- फलों में नेचुरल शुगर देने वाले सेब, पपीता, अनार या केला शामिल करें।
- प्रोटीन के लिए राजगिरा का दलिया, लो फैट पनीर, दही या नट्स जैसे बादाम, अखरोट लें। ये भूख कंट्रोल करते हैं।

- फैट के लिए थोड़ा-सा घी या कोल्ड प्रेस्ड ऑयल में व्यंजन पकाएं।
- पूरे दिन में 2-3 सीजनल फ्रूट्स, थोड़ी सब्जी और दूध या दही जरूर खाएं।
- ज्यादा कैलोरी वाली तली हुई चीजों जैसे कुट्टू के पकौड़े, आलू के चिप्स या साबुदाना पापड़ से परहेज करें।
- फलाहार बनाने में सेंधा नमक ज्यादा न डालें क्योंकि यह पानी रिटेंशन बढ़ाता है और सूजन आती है।
- आलू ज्यादा न खाएं क्योंकि ये स्टार्च से भरपूर है और कैलोरी बढ़ाता है।
- पैकेज्ड फूड अवॉइड करें, क्योंकि उनमें चीनी और नमक ज्यादा होता है।
- व्रत के दौरान चाय-कॉफी ज्यादा न पिएं, इसके बजाय हर्बल टी लें।

### डायबिटिक-बीपी पेशेंट्स की डाइट

डायबिटीज और हाई बीपी (हाइपरटेंशन) के मरीजों को व्रत के दौरान विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

**क्या खाएं:** डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीज, दिन में थोड़ा-थोड़ा खाकर, हाइड्रेटेड रहकर और तले-भुने से बचकर व्रत रख सकती हैं। कुट्टू, सिंघाड़े के आटे की रोटी, सामक के चावल, दही, मखाना, पनीर और लौकी, कद्दू की सब्जी का सेवन करें। भोजन में लो-फैट दही, छाछ, पनीर और दूध शामिल करें। स्नैक्स में भुने हुए मखाने, बादाम, अखरोट लें।

**क्या न खाएं:** डीप फ्राइड भोजन जैसे कुट्टू, सिंघाड़े के आटे की पूड़ी, पकौड़े खाने से परहेज करें। डायबिटीज के मरीज ज्यादा मीठे फल जैसे केला, लीची, चीकू, अनानास, सूखे खजूर (ड्राय डेट्स) और खोए की मिठाई न खाएं। हाई बीपी के मरीज सेंधा नमक भी कम मात्रा में लें। साबूदाना न खाएं क्योंकि इसमें हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला पदार्थ होता है, जिसके कारण इसमें कार्ब्स ज्यादा और फाइबर कम होते हैं, जिससे शुगर बढ़ सकता है। डायबिटीज के मरीज पैक्ड फ्रूट्स जूस से दूरी बनाएं। **प्रस्तुति: ललिता गोयल**

इस वर्ष विश्व जल दिवस की थीम-जल और लिंग, लैंगिक समानता, जल की कम उपलब्धता और उसकी अशुद्धता से महिलाओं के जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को प्रकट करता है। इस बारे में सही कदम उठाने की जरूरत है।

## जल की उपलब्धता से संवरेगा स्त्रियों का जीवन

जागरूकता
अंजू जैन

हर वर्ष की तरह इस बार भी 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाने की तैयारी की जा रही है। लेकिन इस वर्ष जल दिवस की थीम हमें एक ऐसे कड़वे सच से रूबरू कराती है, जिसे हम अकसर नजरअंदाज कर देते हैं। दुनिया भर में कई ऐसे देश, शहर और ग्रामीण क्षेत्र हैं, जहां जल संकट बहुत गंभीर रूप ले चुका है। यह जल संकट, महिलाओं के लिए भी एक गंभीर संकट बन चुका है। इस वर्ष विश्व जल दिवस की थीम हमें याद दिलाती है कि स्वच्छ जल कोई विलासिता नहीं, बल्कि स्त्री सशक्तिकरण की दिशा में पहली सीढ़ी की तरह है।

**पानी की कतार में थमती जिंदगी:** जल संकट को अकसर पर्यावरण या भूगोल के नजरिए से देखा जाता है, लेकिन यह गहराई से एक सामाजिक और आर्थिक मुद्दा भी है। जल संकट की कीमत महिलाओं को कई प्रकार से चुकानी पड़ती है। घर के लिए पानी जुटाने की जिम्मेदारी लगभग पूरी दुनिया में आज भी मुख्य रूप से महिलाओं के कंधों पर है। आंकड़ों के मुताबिक, दुनिया भर में महिलाएं और लड़कियां हर दिन 20 करोड़ घंटे सिर्फ पानी लाने में बिता देती हैं।

**पड़ते हैं कई दुष्प्रभाव:** एक बेटी जब दूर से पानी लाने में अपनी मां की मदद करती है, तो वह स्कूल नहीं जा पाती, ठीक से पढ़ाई नहीं कर पाती और अनावश्यक श्रम करने के लिए मजबूर होती है। भारी भरकम मटके या बाल्टियां ढोने से होने वाली शारीरिक समस्याएं और असुरक्षित स्त्रोतों से मिलने वाला दूषित पानी उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। स्वच्छ जल और सैनिटेशन (सफाई) का सीधा संबंध महिलाओं के शारीरिक स्वास्थ्य और सम्मान से जुड़ा है। स्कूलों या कार्यस्थलों पर पानी और निजी शौचालय की कमी महिलाओं को घर में ही रहने पर मजबूर करती है। सुरक्षित प्रसव के लिए भी स्वच्छ जल अनिवार्य है। दूषित पानी और गंदगी के कारण होने वाले संक्रमण जच्चा-बच्चा दोनों के लिए जानलेवा साबित होते हैं। भारी वजन उठाकर मीलों चलने से महिलाओं में रीढ़ की हड्डी और गर्भाशय से जुड़ी गंभीर बीमारियां पनप सकती हैं।

**जल प्रबंधन है जरूरी:** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस वर्ष यूनिसेफ के सहयोग से यह संदेश दिया जा रहा है कि जल प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी केवल सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि 'मानवाधिकार' भी है। इनका कहना है कि यदि हम चाहते हैं कि समाज में लैंगिक समानता आए, तो हमें हर घर के नल तक पानी पहुंचाना होगा।

**जरूरी हैं कारगर प्रयास:** विश्व जल दिवस हमें याद दिलाता है कि जब हम एक महिला के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं, तो हम उसे समय देते हैं, पढ़ने के लिए, कमाने के लिए और खुद को साबित करने के लिए। जरूरी है कि पूरी शिद्दत से जल उपलब्धता के लिए कुछ ठोस कदम उठाए जाएं। इस वर्ष जल दिवस की थीम यह मांग करती है कि जल समितियों, सिंचाई विभागों और सरकारी योजनाओं में महिलाओं को निर्णायक पदों पर रखा जाए। पानी की बर्बादी को रोकना केवल पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि उन करोड़ों महिलाओं के लिए भी जरूरी है, जो एक-एक बूंद के लिए मीलों पैदल चलती हैं। इसलिए ऐसी तकनीकों को बढ़ावा देना जरूरी है।

**हम सब करें प्रयास:** पानी बचाना केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि उन महिलाओं के प्रति एकजुटता दिखाना है, जो पानी के लिए संघर्ष कर रही हैं। सब्जियों को बहते नल के बजाय एक बर्तन में पानी भरकर धोएं। उस पानी को पौधों में डालें। घर के काम-काज में जल-बचत वाली मशीनों और तकनीकों का उपयोग करें ताकि पानी और समय दोनों की बचत हो। अपने घर के नलों में वॉटर एयरेटर्स लगाएं, जो पानी का बहाव 50 प्रतिशत तक कम कर देते हैं। अपने क्षेत्र की जल समितियों में सुनिश्चित करें कि पानी की पाइपलाइन का नक्शा बनाते समय महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखा जाए।

## भावनात्मक रूप से बनिए मजबूत

सलाह
प्रतिभा अग्निहोत्री

आज महिलाएं हर क्षेत्र में बड़ी कुशलता से काम कर रही हैं, देश के विकास में अपना योगदान दे रही हैं। वे घर-परिवार, करियर और अन्य जिम्मेदारियों को एक साथ निभा रही हैं। इन सभी जिम्मेदारियों के बीच अकसर उन्हें अनेक प्रकार के मानसिक-भावनात्मक दबाब का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर महिलाएं भावनात्मक रूप से मजबूत होंगी तो वे हर परिस्थिति का सामना आसानी से कर सकेंगी, वहीं दूसरी ओर भावनात्मक रूप से कमजोर महिलाएं छोटी-छोटी बात पर घबरा जाएंगी। कई बार तो वे अंदर-अंदर घुटती रहती हैं, तनाव का शिकार हो जाती हैं, जिससे उनकी सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। कभी-कभी वे अनेक बीमारियों का शिकार हो जाती हैं। इस दृष्टि से नवरात्र में आप नौ दिन माता की पूजा करें। अध्यात्म, इंसान की आत्मशक्ति को बढ़ाता है, भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है, इससे आप जीवन में आने वाली कठिनाइयों का मुकाबला आसानी से कर सकेंगी।

**अपनी भावनाओं को स्वीकार करें:** हमारा समाज महिलाओं से दूसरों का ध्यान रखने और अपनी भावनाओं को दबाकर रखने की उम्मीद करता है। कई बार महिलाएं न चाहते हुए, मन मारकर थके शरीर से भी दूसरों के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए आप अपनी भावनाएं समझें और तनाव से बचें। यदि आवश्यकता हो तो किसी भरोसेमंद व्यक्ति से साझा करें ताकि आपका मन हल्का हो।

**बढ़ाएं आत्मविश्वास:** अकसर आत्मविश्वास के अभाव में महिलाएं सही निर्णय नहीं ले पातीं, उन्हें अपने आप पर भरोसा नहीं होता। इससे बचने के लिए आप अपने शौक, रुचि और क्षमता को पहचानकर उसका विकास करें। संभव है तो इसे अपना प्रोफेशन बनाएं। अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों पर गर्व करें, खुश हों।

**सोच सकारात्मक रखें:** जीवन में सुख-दुःख आते-जाते रहते हैं। ऐसे में हर परिस्थिति में खुद को सकारात्मक रखकर आप बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान निकाल सकती हैं। नकारात्मक सोच आपको भावनात्मक रूप से कमजोर बनाती है, वहीं सकारात्मक सोच आपके आत्मविश्वास में वृद्धि करती है।

**घर के सदस्यों से लें सहयोग:** घर-बाहर के सभी काम खुद ना करके परिवार के अन्य सदस्यों से उनकी क्षमता के अनुसार सहयोग लें। इससे उनकी कार्यक्षमता का तो विकास होगा, वहीं आपका काम आसान हो जाएगा। आप अपने लिए कुछ समय निकाल सकेंगी।

**मन का करें:** लोग क्या कहेंगे, यह सोचकर अपने मन को बार-बार मारने की जगह अपने मन के काम भी जरूर करें। मन का पहनें, मन का खाएं अगर सिंगिंग, डांसिंग या राइटिंग का शौक हो तो अपने रूटीन में से समय निकालकर उसे पूरा करें। इससे शरीर में डोपामाइन हार्मोन रिलीज होगा और आप भावनात्मक रूप से मजबूत बनेंगी।

## गर्मी में भी स्किन बनी रहेगी हाइड्रेटेड

स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान, धूप और पसीने की वजह से कई स्किन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इनसे बचने के लिए स्किन का हाइड्रेटेड होना जरूरी है। जानिएं ऐसे तरीके, जिनसे आपकी स्किन हाइड्रेट रहेगी।

अब धीरे-धीरे तापमान बढ़ने के साथ गर्मी के मौसम का प्रभाव बढ़ने लगा है। इसका असर आपकी स्किन को भी नुकसान पहुंचा सकता है। धूप से होने वाली टैनिंग और सनबर्न से त्वचा काली पड़ने लगती है। गर्मियों में चिलचिलाती धूप, प्रदूषण, आद्रता और धूल-मिट्टी, चेहरे की नेचुरल ग्लो को खत्म कर देती है, जिससे त्वचा बेजान दिखाई देने लगती है। अगर आप चाहती हैं कि आने वाले दिनों में भी आपका चेहरा ग्लो करे और स्किन संबंधी समस्याएं नहीं हों तो यहां बताए जा रहे टिप्स अपनाने होंगे।

**सनस्क्रीन:** धूप में घर से बाहर जाने से पहले स्किन पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल आपको सनबर्न से बचाएगा। तेज धूप में 30 एसपीएफ या इससे ऊपर वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल फायदेमंद होता है। चेहरे को ढंक कर तेज धूप में बाहर निकलना चाहिए। अगर संभव हो तो आने वाले दिनों में दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर निकलने से परहेज करें, क्योंकि इस दौरान ज्यादा गर्मी और धूप होती है। सनस्क्रीन के साथ-साथ मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। दरअसल, इसका प्रयोग न करने से चेहरे की नमी खोने लगती है, इससे कील-मुंहासों संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ता है।

**ग्लिसरीन-शहद-कच्चा दूध:** एक चम्मच ग्लिसरीन, एक चम्मच शहद और एक चम्मच कच्चा दूध लेकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर कुछ समय बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। इससे आपकी त्वचा कोमल और चमकदार बनी रहेगी।

**खीरा-पुदीना-डिस्टिल्ड वॉटर:** खीरे को 4 या 5 लंबे टुकड़ों में काट लें। डिस्टिल्ड वॉटर और पुदीने की पत्तियों के साथ एयर टाइट डिब्बे में पैक करके 1 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इस पानी को छानकर अलग स्प्रे बॉटल में डाल लें। फ्रिज में स्टोर करें और स्किन पर इसे अप्लाई करें। यह मिस्ट स्प्रे गर्मी में स्किन को कूल और फ्रेश रखेगा। रैशेज से भी बचाएगा।



**खीरा और नारियल पानी:** खीरे को कद्दूकस कर उसका जूस निकाल लें। इसे ठंडा होने के लिए फ्रिज में 20-25 मिनट के लिए रख दें। इसके बाद इसमें 1 कप नारियल पानी मिलाएं और अच्छी तरह से मिक्स करके स्प्रे बॉटल में भर लें। यह मिस्ट स्किन टोनर का काम करेगा।

**गुलाब जल टोनर:** एक खीरे के जूस, एक चम्मच गुलाब जल को एक कप मिनरल वॉटर में डालकर स्किन टोनर बना लें। इसके उपयोग से स्किन टोनिंग के अलावा त्वचा मुलायम हो जाएगी।

**आइसिंग है कारगर:** गर्मी के मौसम में चेहरे पर बर्फ लगाने से स्किन को पोषण मिलता है, जिससे त्वचा फ्रेश नजर आती है। इससे रिंकल्स और फाइन लाइंस कम नजर आती हैं। कील मुंहासे कम होते हैं। आइसिंग करने से त्वचा को हाइड्रेटेड रहती है।

**मेकअप करें रिमूव:** सोने से पहले मेकअप उचित तरीके से हटाने से त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहती है। इससे मुंहासे और अन्य त्वचा संबंधी समस्याओं का खतरा कम हो जाता है। मेकअप हटाने के लिए आप नारियल तेल, ऑलिव ऑयल, एलोवेरा जैल, दूध या शहद का उपयोग कर सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### चोरी मामले में एक आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर लिया

**हांसी।** थाना शहर पुलिस ने जनरल स्टोर में चोरी मामले में एक आरोपी शेखपुरा निवासी राजू उर्फ राजकुमार को प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया है। एएसआई सुनीता ने बताया कि कुछ दिन पूर्व हांसी निवासी पंकज ने शहर थाना में शिकायत दी थी कि 19 नवंबर की रात को अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी दुकान से सामान चुराकर कर ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आरोपी से पूछताछ करने के साथ-साथ घटना स्थल की निशानदेही भी करवाई गई। पुलिस अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए सामान की बरामदगी की जा चुकी है।

### चेक बाउंस मामले में उद्घोषित आरोपी पकड़ा

**हांसी।** थाना सदर हांसी पुलिस ने चेक बाउंस मामले में एक उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हांसी निवासी संदीप के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को खुश करण जोत सिंह गिल, जेएमआईसी हांसी द्वारा 5 सितंबर को उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया था।

### भाकपा के शाखा सचिव बलवंत सिंह का निधन

**सिरसा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की शाखा संतनगर के सचिव बलवंत सिंह का सड़क हादसे में निधन हो गया। कॉ. स्वर्ण सिंह विर्क ने बताया कि जब से इस इलाके में पार्टी की स्थापना हुई थी, तभी से साथी बलवंत सिंह का परिवार पार्टी से जुड़ गया था। 55 वर्षीय कॉ. बलवंत सिंह बालिग होते ही पार्टी में शामिल हो गए थे, तब से वे अपने गांव से लेकर दिल्ली तक चलाए गए सभी आंदोलनों में शामिल होते रहे।

---

बीड़ बबरान धाम में श्रद्धालुओं ने किए श्याम बाबा के भव्य दरबार के दर्शन

# निशुल्क ताली कीर्तन व अर्जी संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु, माथा टेककर मांगीं मन्नतें

तुम तो महादानी हो देर क्यों लगाते हो, भक्तों की खातिर श्याम दौड़े चले आते हो भजन सुनकर झूमने लगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार। बीड़ बबरान धाम में आयोजित संकीर्तन के लिए सजा हुआ श्याम बाबा का दरबार।

प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम पर ताली कीर्तन एवं अर्जी संकीर्तन का धूमधाम से आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित ताली कीर्तन व रविवार को आयोजित अर्जी संकीर्तन में भक्तों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और श्याम बाबा के भव्य दरबार के दर्शन किए। इस दौरान निज पुजारी विनय शर्मा व अन्य गायकों ने भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करके अभिभूत कर दिया। इस अवसर पर बीड़ बबरान धाम में श्याम बाबा के दरबार को सजाकर भव्य स्वरूप दिया गया। भक्तों ने बाबा के दरबार में माथा टेककर मन्नत मांगी और अपने कष्टों के निवारण की कामना की।

ताली कीर्तन व अर्जी संकीर्तन के दौरान अखंड ज्योति के दर्शन करके भक्तगण अभिभूत हो गए। तुम तो महादानी हो देर क्यों लगाते हो, भक्तों की खातिर श्याम दौड़े चले आते हो यह भजन सुनकर बहुत से भक्त झूमने व नाचने लगे। श्रद्धालुओं ने धाम में स्थित महाभारतकालीन पीपल के वृक्ष के चारों और मौली बांधकर एवं नारियल चढ़ाकर अपनी आस्था व्यक्त की।

#### श्रद्धालुओं ने सभी मंदिरों के किए दर्शन

इस अवसर पर श्रद्धालुओं को धाम में स्थापित वीर हनुमान के मंदिर, शिव परिवार, धूणा, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के दर्शन का भी अवसर मिला। बीड़ बबरान के प्राकृतिक व हरियाली से परिपूर्ण वातावरण में स्थापित बीड़ बबरान धाम में पहुंचकर श्रद्धालु तरोताजा दिखाई दिए। निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि भक्तों की बीड़ बबरान धाम व श्याम बाबा दरबार के प्रति अगाध आस्था है। इसलिए त्योहारों, उत्सवों व विशेष आयोजनों पर यहां हरियाणा के अलावा अन्य राज्यों से भी भक्तगण पधारकर अपने इष्ट की आराधना करते हैं।

---

# एकादशी पर भगवान वेंकटेश व तिरुपति धाम में निकली सवारी शोभा यात्रा

- सभी मंदिर दक्षिण भारत से लाए गए ग्रेनाइट पत्थर से वहीं के कारीगरों द्वारा पूरी आस्था से निर्मित किए
- श्रद्धालुओं ने अपने हाथों से रथ को खींचकर अपनी आस्था जताई और धाम की परिक्रमा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार। तिरुपति धाम में भगवान वेंकटेश जी की सवारी शोभा यात्रा में हिस्सा लेते अर्चक व श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

श्री तिरुपति बालाजी धाम में एकादशी के पावन अवसर पर भगवान श्री वेंकटेश जी की सवारी शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। पूरे विधि-विधान से अभिषेक व पूजा-अर्चना की गई और मंत्रोच्चारण के साथ भगवान वेंकटेश जी के विग्रह को रथ पर स्थापित पालकी में विराजमान किया गया। इनके साथ ही माता श्रीदेवी व माता भूदेवी के विग्रह भी शोभायमान किए गए।

एकादशी पर निकाली गई सवारी शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालु जय श्रीमन्नारायण, जय गोविंदा व जय भगवान वेंकटेश के जयघोष करते रहे।

विशेष बात यह रही कि भक्तों ने अपने हाथों से रथ को खींचकर अपनी आस्था जताई और धाम की परिक्रमा की। शोभा यात्रा के उपरांत श्रद्धालुओं में गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया। सवारी शोभा यात्रा से पूर्व श्रद्धालुओं ने धाम में स्थापित श्री तिरुपति बालाजी, माता पदमावती व माता गोदांबा के मुख्य मंदिरों में दर्शन किए और माथा टेककर मन्नत मांगी। उल्लेखनीय है कि ये सभी मंदिर दक्षिण भारत से लाए गए ग्रेनाइट पत्थर से वहीं के कारीगरों द्वारा पूरी आस्था से निर्मित किए गए हैं।

---

# हांसी शहर की सभी गलियां और सड़कें होनी चाहिए चकाचक

- नियमित साफ सफाई के साथ-साथ एक सड़क या गली की करें सफाई : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हांसी। श्री काली देवी मंदिर रोड़ पर सफाई करती महिला कर्मचारी।

उपायुक्त डॉ राहुल नरवाल ने कहा कि हांसी शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, ताकि शहर की सभी गलियां, सड़कें और सार्वजनिक स्थान स्वच्छ और सुंदर दिखाई दें। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में नियमित सफाई के साथ-साथ प्रतिदिन एक सड़क, गली की विशेष रूप से समुचित सफाई सुनिश्चित की जाए।

डीसी डॉ. राहुल नरवाल सोमवार को नगर परिषद के अधिकारियों को शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि शहर के किसी भी चौक-चौराहे, सड़क या गली में गंदगी दिखाई नहीं देनी चाहिए। इसके लिए नगर परिषद के कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करें।डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाए।

---

# अखंड ज्योत शोभा यात्रा के साथ मंदिर पहुंचें भक्त

- दुकानदारों ने पावन ज्योत एवं सभी भक्तों पर गुलाब के फूलों की वर्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार। माता की अखंड ज्योत के साथ हनुमान मंदिर, मोती बाजार के प्रधान रमेश लोहिया व अन्य भक्त। फोटो : हरिभूमि

मां भगवती की असीम कृपा से हनुमान मंदिर मंडल, मोती बाजार में नवरात्रि के पावन अवसर पर सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली हर प्रकार से सुख-समृद्धि, धन-वैभव, सम्मान को बढ़ाने वाली हर प्रकार के दुख, कष्ट, विघ्न, बाधाओं एवं बीमारियों को हरने वाली विशेष तौर पर ज्वालाजी से मां लाटां वाली की पावन अखंड ज्योत आज लाई गई, जो प्रातः 10:15 बजे विशाल शोभायात्रा के साथ तिलक बाजार, गुलाब सिंह चौक, वकीलान बाजार, गीता पनवाड़ी चौक, मोती बाजार, पुरानी तहसील व गांधी चौक से होती हुई मंदिर में विराजमान की गई। मंदिर के प्रधान रमेश कुमार लोहिया नंगे पांव मैय्या की पावन ज्योति अपने हाथों में लेकर मंदिर में पहुंचे। उनके साथ 31 महिलाएं माता की ध्वजा निशान लेकर साथ चल रही थी। ज्योत के आगे मंदिर के सरपरस्त जय प्रकाश डालमिया, चांदी की इत्र दानी से पूरे रास्ते इत्र का छिडक़ाव कर रहे थे।

#### ये रहे मौजूद

ज्योत के साथ मंदिर के पदाधिकारी सज्जन गुप्ता, अमित गुप्ता, अनूप गुप्ता, महेंद्र कुमार बंसल, अशोक जैन, ललित घड़ीसाज, इंद्रसैन दवाई वाले, सुरेंद्र जैन, सुदेश सोनी, संजीव शर्मा, प्रवीन बंसल, राजेश कुमार लोहिया, पिंकेश लोहिया, युगल चौधरी, राधेश्याम अग्रवाल, आशीष गोयल, वीरभान बंसल, विनोद गुप्ता कटला रामलीला प्रधान, राजेंद्र बंसल नेताजी, पुजारी राजेश शास्त्री, भंवरलाल शर्मा, कर्ण अग्रवाल, परसराम कपड़े वाले आदि माता रानी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। दर्जनों दुकानदारों ने पावन ज्योत एवं सभी भक्तों पर गुलाब की वर्षा की। मंदिर में ज्योत के पहुंचने पर सभी को माता को प्रसाद दिया। प्रधान रमेश लोहिया ने बताया कि 19 मार्च को प्रथम नवरात्रि के अवसर पर 551 ज्योतों से भी ज्यादा ज्योत मंदिर प्रांगण में प्रज्ज्वलित की।

---

# टावर लाइनों के कारण कौड़ियों के भाव हो रही जमीन

- किसानों ने उठाई हाई टेंशन लाइनों के विरुद्ध आवाज, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान संगठनों के प्रतिनिधि।

जिले के बालसमंद और आदमपुर क्षेत्र के किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने लघु सचिवालय में उपायुक्त महेंद्र पाल और एसडीएम ज्योति मित्तल के साथ बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान किसानों ने खेतों के बीच से गुजर रही पावरग्रिड की हाई टेंशन बिजली टावर लाइनों से होने वाले नुकसान और भविष्य के खतरों पर कड़ा ऐतराज जताया। किसानों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम ज्योति मित्तल को सौंपा। बैठक का नेतृत्व पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा के राज्य कमेटी सदस्य व हिसार ब्लॉक-2 सचिव अनिल गोरछी और बालसमंद किसान सभा के प्रधान एवं पार्षद प्रतिनिधि संदीप धीरणवास ने किया। इसमें किसानों की पांच प्रमुख मांगे रखी और स्पष्ट किया कि टावर लाइनों के कारण उनकी बेशकीमती जमीन कौड़ियों के भाव हो रही है। समिति ने मांग उठाई कि हाई टेंशन लाइन के नीचे काम करते समय यदि किसी किसान या मजदूर के साथ कोई हादसा होता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और पावरग्रिड की हो।

इसके लिए पुख्ता सुरक्षा गारंटी और विशेष मुआवजे का प्रावधान किया जाए, टावर और तारों के नीचे आने वाली पूरी जमीन का मुआवजा वर्तमान मार्केट रेट के हिसाब से दिया जाए।

#### सरकार और पावरग्रिड कंपनियां विकास के नाम पर किसानों को कर रही बर्बाद

किसानों ने कहा कि सरकार और पावरग्रिड कंपनियां विकास के नाम पर किसानों को बर्बाद कर रही हैं। जब तक हमारी जमीन का सही हक और सुरक्षा की गारंटी नहीं मिलती, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से ओमप्रकाश रावलवास कलां, जय कुमार लांबा रावलवास खुर्द, जयबीर, छोटूराम, कृष्ण किरतान, अमन पचार सहित बालसमंद, आदमपुर और आसपास के गांवों के भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

---

हांसी। रिबन काट कर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का शुभारंभ करते डीसी राहुल नरवाल फोटो : हरिभूमि

# संघर्ष के बल पर विद्यार्थी हासिल कर सकते हैं मुकाम : उपायुक्त

- हांसी आईटीआई में किया प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को जिले का प्रथम प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। इस मेले में डीसी डॉ. राहुल नरवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 200 से अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। इस अवसर पर डीसी नरवाल ने कहा कि युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट नियमित प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में हर साल नई-नई तकनीक आ रही है। युवाओं को एआई, यूट्यूब जैसी नई-नई तकनीकियों से भी पीछे नहीं रहना चाहिए। युवाओं को जीवन में मेहनत और संघर्ष करते रहना चाहिए। संघर्ष के बल पर ही उच्च मुकाम को हासिल किया जा सकता है। संघर्ष छोड़ना नहीं चाहिए। संस्थान के प्रधानाचार्य भूप सिंह ने बताया कि मेले में हरियाणा सहित आसपास के राज्यों से 21 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। इनमें प्रमुख रूप से हीरो मोटोकॉर्प, जय भारत मारुति, गोदरेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा लॉजिस्टिक्स, स्वराज इंजन, इंडिया यामाहा मोटर तथा होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल रही। मेले में दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, डिप्लोमा तथा स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने भाग लिया।

---

# अतिक्रमण व गंदगी फैलाने पर सख्त हुआ नगर निगम

- अनेक लोगों के काटे चालान, सामान भी किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था बारे सख्ती बरतनी तेज कर दी है। निगम ने अब खुले में कूड़ा डालने वालों में बिना कोई छूट दिए हजारों का चालान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके अलावा टीम ने तेलियान पुल स्थित मीट मार्केट में भी सामान जब्त किया और नियमों की अवहेलना पर कार्रवाई की।

नगर निगम की टीमों ने सोमवार को तेलियान पुल क्षेत्र में अभियान चलाया। यहां पर चालान करते हुए सामान जब्त किया गया। इसके अलावा टीम ने तेलियान पुल से भगत सिंह चौक तक अतिक्रमण भी हटाया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान निगम टीम ने पुल तेलियान से लेकर भगत सिंह चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

अभियान के तहत सड़क किनारे खुले में मीट बेचने वाले लोगों को हटाया गया। निगम सफाई शाखा ने खुले में मीट बेचने वालों के पांच-पांच हजार रुपए के चार चालान किए। इसके अलावा एक व्यक्ति का कचरा सेग्रीगेशन न करने पर चालान किया गया।

#### खुले में कचरा डालने पर पांच हजार का चालान

इसके अलावा, टिब्बा दानाशेर क्षेत्र में एक स्टोर संचालक द्वारा सड़क पर कचरा डालने के मामले में नगर निगम ने पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया। टीम से सख्त रुख अपनाते हुए साफ संदेश दिया कि शहर की सुंदरता बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

#### टीम ने जागरूक भी किया

अभियान के दौरान नगर निगम टीम ने दुकानदारों को भी जागरूक भी किया। टीम ने अपील की कि दुकानदार अपना सामान दुकान की सीमा के भीतर रखें, सड़क पर कचरा न डालें और सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन का उपयोग करने से बचें, ताकि शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जा सके।

#### ये टीमें रहीं शामिल

अभियान के दौरान तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। यूनियन प्रधान सुरेंद्र, एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार, एएसआई विजेता, संबंधित दरोगा आदि रहे।

---

# शिकायतकर्ता को धमकी देने और मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने व मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बधावड़ निवासी कर्णदीप उर्फ शिफड के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार इस संबंध में राजली गांव निवासी सरदानंद ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार वह पिछले करीब पांच वर्षों से बरवाला के पूजा होटल में नौकरी करता है। शिकायतकर्ता के अनुसार 17 अक्टूबर 2024 को बधावड़ निवासी कर्णदीप उर्फ शिफड़ व उसके अन्य साथियों ने होटल पर आकर फायरिंग की थी। इस मुकदमे में आरोपी कर्णदीप जेल चला गया था और वर्तमान में जमानत पर बाहर आया है। जमानत पर आने के बाद से आरोपी द्वारा लगातार शिकायतकर्ता पर मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी करणदीप उर्फ शिफड़ को गिरफ्तार कर लिया है।

---

### विद्यार्थियों के हित में सराहनीय कार्य कर रहा मत्स्य कॉलेज : गर्ग

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में जलीय कृषि स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर तीन दिवसीय किसान उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण जलीय पशु स्वास्थ्य प्रबंधन विभाग द्वारा नेशनल सर्विलांस प्रोग्राम फॉर एक्वेटिक एनिमल डिजीज के अंतर्गत आयोजित किया गया। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने कहा कि मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा किसानों एवं विद्यार्थियों के ज्ञान और तकनीकी कौशल को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। इस प्रकार के क्षमता निर्माण कार्यक्रम जलीय कृषि उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिसार, सिरसा, फतेहाबाद और झज्जर जिलों के मछली एवं झींगा किसान, कृषि एवं पशु चिकित्सा विषयों के विद्यार्थीयों ने भाग लिया।

---

### अन्य राज्यों की टीमों को दौरे पर पूर्व अनुमति जरूरी

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने निर्देश दिए हैं कि अब किसी भी अन्य राज्य से आने वाली टीम को डीएचबीवीएन के किसी भी कार्यालय, परियोजना या स्थल का दौरा करने से पहले, पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। निर्देशों के अनुसार, बिना पूर्व अनुमति के किसी भी बाहरी टीम को डीएचबीवीएन की गतिविधियों से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एकत्र करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निगम ने स्पष्ट किया है कि इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि विभागीय सूचनाओं की सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था बनी रहे।

---

सत्संग का दरिया, नहालो जिसका जी चाहे

# जीवों व जरूरतमंदों की करें सहायता: राजेश्वरानंद

ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में ओमानंद महाराज के जन्मोत्सव पर हुआ धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार। मेहमानों को स्मृति चिह्न भेंट करते महंत राजेश्वरा नंद महाराज।

कैमरी रोड स्थित ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में श्री श्री 1008 ब्रह्मलीन श्री ओमानंद जी महाराज के जन्मोत्सव पर आश्रम में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रम के गद्दीनशीन श्री श्री 1008 महंत श्री राजेश्वरानंद महाराज ने आश्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच कहा कि मालिक ने इस सृष्टि की रचना की और संसार के सब जीवों की रक्षा स्वंय करते हैं, और सब पर अपनी कृपा बरसाते हैं और हम जीव उस परमपिता परमात्मा को ही भूले बैठे हैं। पूरे दिन में कुछ समय हमें मालिक के चरणों में लगाना चाहिए जिससे हमारा कल्याण हो। राजेश्वरानंद महाराज के सानिध्य में सर्वमंगल कामना के लिए हवन-यज्ञ किया गया।

#### भजनों ने मंत्र मुग्ध किया

समाजसेवी हरीश गांधी ने कहा कि हमें सदैव जीवों की व जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए जिससे भगवान हमसे प्रसन्न होते हैं। और अपने बनाए जीवों से स्नेह करने वालों की मालिक हर मुश्किल में स्वयं रक्षा करते हैं। जन्मोत्सव पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में महाराज ने सुंदर भजनों 'तेरी लीला अपरम्पार है, धन-धन कारीगर करतार', 'भरा सत्संग का दरिया, नहालो जिसका जी चाहे', 'ओ भोले पंछी सोच जरा तेरा असली कहां ठिकाना है, 'हरिभजन बिना सुख नाहीं रे नर क्यों भटका विरथा भटका रे' आदि भजनों से मंत्र मुग्ध किया।

---

23 से होने वाले सुरभि गो महायज्ञ के लिए बनाए 108 हवन कुंड

# सुरभि गो महायज्ञ व श्रीमद गो भागवत कथा के लिए की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्री सुरभि गो महायज्ञ व श्रीमद गो भागवत कथा के लिए तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। 23 मार्च से शुरू होने वाले इस गो शक्ति जागरण अनुष्ठान के लिए विवेकानंद भवन में बैठक करके तैयारियों की समीक्षा की गई और विभिन्न कार्यों के लिए दायित्व सौंपे गए। बैठक में बताया गया कि मातृभूमि सेवा संघ, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गोसेवा गतिविधि एवं काबरेल के केशव माधव धाम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में यह अनुष्ठान किया जा रहा है। तोशाम रोड स्थित सरस्वती कॉलेज ऑफ एजुकेशन में होने वाले अनुष्ठान के लिए 23 मार्च को प्रातः 8 बजे सरस्वती कॉलेज प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 23 से 30 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 8.30 बजे श्री सुरभि महायज्ञ किया जाएगा और 23 से 29 मार्च तक प्रतिदिन सायं 4 बजे से सायं 6 बजे तक कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक दीदी जी श्रीमद गो भागवत कथा से साक्षात्कार करवाएंगी।

#### बैठक में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं पर हुई चर्चा

सुशीला भवन रोड पर स्थित विवेकानंद भवन में आयोजित बैठक में गो शक्ति जागरण अनुष्ठान संचालन समिति के सदस्य पवन जिंदल, कमल सर्राफ, विकास ढल, रणधीर झाझडिया, नीरज कुमार गुप्ता, राजेंद्र फोगाट, संजय सूरा, दर्शन, सतीश व विनोद आर्य विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान हिसार व निकटवर्ती क्षेत्रों से श्रद्धालुओं को अनुष्ठान स्थल तक आने-जाने के लिए बस व्यवस्था, मुख्य यजमान, यजमान की सूची बनाने, कार्यकर्ताओं से प्राप्त दान राशि एवं सामग्री एकत्र करने एवं घर-घर जाकर प्रचार करने संबंधी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### हेड़ी समाज का समागम 20 को सीएम आवास पर

**हिसार।** कुम्हार धर्मशाला में हेड़ी/नायक समाज के वरिष्ठ नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संत लाधू नाथ एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक माजरा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य 20 मार्च को मुख्यमंत्री के निवास कबीर कुटीर, चंडीगढ़ में संत लाधू नाथ महाराज की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों एवं संगठनात्मक व्यवस्थाओं की समीक्षा करना था। ट्रस्ट सचिव एडवोकेट राय सिंह चौहान ने मंच संचालन करते आए हुए मेहमानों का स्वागत किया। बैठक में नायक/हेड़ी/अहेरिया/थोरी जाति विकास ट्रस्ट के संरक्षक जगदीश फतेहाबाद एवं अध्यक्ष जिले सिंह किनाना, अखिल भारतीय नायक सभा हरियाणा के अध्यक्ष हरभगवान सिंह, मास्टर लीलाराम, भानीराम सिरसा, राजेश कुमार, मास्टर जिले सिंह शेखावत, ज्ञानी राम, जिले सिंह किनाना, नरेश झोडनवाली, प्रहलाद सिंह, राय सिंह अधिवक्ता, सुल्तान सिंह पंवार, अधिवक्ता महेंद्र सिंह, अशोक पंवार, मास्टर अशोक कुमार, मनोहर लाल चौहान, ओमप्रकाश नंबरदार आदि ने भाग लिया।

### बरवाला अनाज मंडी बनेगी हरित मंडी : प्रवीन सैनी

**बरवाला।** मार्केट कमेटी के चेयरमैन प्रवीन सैनी ने कहा कि गेहूं के सीजन के मद्देनजर अनाज मंडी बरवाला में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि मंडी रोड पर अग्रसेन चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक आरसीसी सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसे गेहूं के सीजन से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सैनी ने कहा कि बरवाला के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रगति में हैं। अनाज मंडी को जल्द ही हरित मंडी के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां साफ-सफाई, सीवरेज और अन्य व्यवस्थाओं को पूरी तरह दुरुस्त किया जाएगा, ताकि किसानों और व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर भाजपा मंडल बरवाला अध्यक्ष मनोज उर्फ मोनू संदूजा और मनोनीत पार्षद अनूप सैनी मौजूद रहे।

### हरिकोट में कन्या जन्म पर किया जलवा पूजन

**हिसार।** हरिकोट गांव निवासी प्रमिला पत्नी धर्मेन्द्र के यहां कन्या जन्म होने पर जलवा पूजन कार्यक्रम किया गया। सब सेंटर मंगाली आकलान के अंतर्गत आने वाले केंद्र में हुए आयोजन में एएनएम सुनीला, शकुंतला, आशा वर्कर सरोज, कविता व पिंकी, आंगनबाड़ी वर्कर सुनीता, सरपंच अनु, पंचायत सदस्यों सहित अनेक ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकाली गई। रैली में बेटियों को पढ़ाने और उन्हें आगे बढ़ाकर देश की प्रगति में योगदान का आह्वान किया गया।

### रक्तदान शिविर में 52 लोगों ने किया रक्तदान

**हिसार।** समृद्ध भारत परिषद द्वारा मंगलम ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया। संस्था के प्रधान विकास लाहोरिया ने बताया कि शिविर में 52 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल बंसल ने बताया कि रक्तदान करने से कई बीमारियां दूर होती हैं। इससे मानसिक शांति मिलती है तथा किसी दूसरे का जीवन बचाया जा सकता है। इस अवसर पर बिशम्बर सचदेवा, दीपक अग्रवाल, मन्नु अग्रवाल, राजेश गुप्ता, संजीव शर्मा, तरुण महता, तिलक महता, विजय अग्रवाल सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### चालक को न्याय न मिला तो आंदोलन का रुख करेगा साझा मोर्चा

# रोडवेज यूनियनों ने डीसी और एसपी से मिलकर मांगा न्याय

■ झूठा केस दर्ज करने के प्रसास से करवाया अधिकारियों को अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा रोडवेज की साझा संघर्ष समिति ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर रोडवेज चालक पर झूठा मुकदमा दर्ज किए जाने के प्रयासों पर विरोध जताया। यूनियन प्रतिनिधियों से उपायुक्त को भी मामले से अवगत करवाया और दोनों अधिकारियों से मांग की कि इस झूठे केस में रोडवेज चालक को न फंसाया जाए।

रोडवेज सांझा मोर्चा से जुड़ी यूनियनों ने कर्मशाला में बैठक की और सदर थाना पुलिस द्वारा 14 दिसंबर 2025 को हुई दुर्घटना मामले में रोडवेज चालक पर केस दर्ज करने को गलत बताया। बैठक के बाद यूनियन प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर उन्हें मामले से अवगत करवाया। रोडवेज प्रतिनिधियों के अनुसार पुलिस अधीक्षक ने उन्हें आश्वासन दिया है कि मामले में निष्पक्ष व पारदर्शी जांच की जाएगी। रोडवेज नेताओं ने उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से हुई मुलाकात को सकारात्मक बताया और उम्मीद जताई कि चालक को न्याय मिलेगा। संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि रोडवेज चालक को न्याय दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। फिर भी रोडवेज कर्मचारी के साथ न्याय नहीं होता तो रोडवेज कर्मचारी एक बड़े आंदोलन का रूख करेंगे। बैठक में संघर्ष समिति के वरिष्ठ नेता शिवकुमार श्योराण, अजय दुहन, संदीप जैनावास, कर्मबीर मसूदपुर, नरेंद्र खरड, जितेंद्र शर्मा, हनुमान जांगडा, नरेंद्र मुकलान, अनूप श्योकद व बजरंग लाखा सहित सभी यूनियनों के डिपो प्रधान उपस्थित रहे।

हिसार। धरने पर बैठे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### एक्सईएन के रवैये पर भड़की यूनियन धरना बेमियादी करने का किया ऐलान

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच हिसार की ओर से फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग पर कार्यकारी अभियंता, मंडल नंबर 3 के मॉडल टाऊन स्थित कार्यालय के समक्ष सोमवार को चौथे दिन भी सांकेतिक धरना देकर रोष प्रदर्शन किया गया। धरना की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान अशोक कुमार ने की जबकि संचालन ब्रांच सचिव राकेश शर्मा ने किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान अशोक कुमार व सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि संगठन ने लगातार फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर कार्यकारी अभियंता से वार्ता व पत्राचार के माध्यम से प्रयास किया, लेकिन उपरोक्त अधिकारी फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है और नकारात्मक रवैया अपनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि फील्ड कर्मचारियों को डांगरी, रेनकोट, गम बूट का भुगतान नहीं किया जा रहा है, असंवैधानिक तरीके से कर्मचारियों का वेतन काटा जा रहा है, ईपीएफ की राशि जमा नहीं करवाई गई है, सेवा सुरक्षा पोर्टल पर वेरिफिकेशन ठीक प्रकार से नहीं की जा रही है, आउटसोर्स कर्मचारियों के 8 महीनों के बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है, हरियाणा कौशल रोजगार निगम के एक्सग्रेसिया केस लंबे समय से पेंडिंग पड़े हैं। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों में बढ़ते रोष और उपरोक्त अधिकारी के नकारात्मक रवैये को देखते हुए धरने को अनिश्चितकालीन करने का निर्णय लिया गया है। धरने को जिला प्रधान ओम प्रकाश माल, जिला सचिव दीपक मेहरा, जिला चेयरमैन नरेश गौतम, जिला उप प्रधान रामू शर्मा, दीपक शर्मा, रमेश आहूजा, पवन शर्मा, सुरेंद्र चहल, अशोक पूनिया, बृजलाल, नरेश अग्रोहा, सन्नी, दीपक लोट, रमेश मिर्जापुर, विकास गोस्वामी आदि ने भी संबोधित किया।

# मतदाता सूची के मिलान का 50 फीसद कार्य पूरा

हिसार। मतदाता सूची के मिलान व विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम ज्योति मित्तल तथा उपस्थित अधिकारी।

■ बीएलओ मतदाता सूची के मिलान कार्य में लाएं तेजी : मित्तल

■ विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 52-हिसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा, चंडीगढ़ के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा को लेकर सोमवार को 52-हिसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम ज्योति मित्तल ने की। बैठक में मतदाता सूची के वर्ष 2002 की मतदाता सूची से मिलान तथा प्रोजनी जोड़ने से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान बीएलओ द्वारा किए जा रहे मतदाताओं के मिलान कार्य की स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम को अवगत करवाया गया कि अब तक लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। इस पर एसडीएम ज्योति मित्तल ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि वे मतदाता सूची के मिलान कार्य को जल्द से जल्द पूरा करना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने कहा कि 52-हिसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में नियुक्त सभी बीएलओ मतदाता सूची के कार्य में पूर्ण सहयोग करें ताकि आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई न आने दी जाए और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं।

# आधुनिक शोध की जानकारी व रुचि होना बेहद जरूरी : प्राचार्य

हिसार। कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता।

■ दयानंद कॉलेज में पीजी स्टूडेंट्स के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**हिसार।** दयानंद कॉलेज के सभागार में भूगोल विभाग की ओर से स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में कदम के साथ कदम बढ़ाकर चलने के लिए आधुनिक शोध की जानकारी और रुचि होना अति आवश्यक है और हम आशा करते हैं कि विद्यार्थी इस कार्यशाला से जरूर लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर प्रथम दिन के प्रथम सेशन के मुख्य वक्ता डॉ. संदीप कुमार, सहायक प्राध्यापक, आईआईएचएस, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र ने निभाई। डॉ. संदीप ने मैपिंग इन रिसर्च: एन एसेंशियल टूल फॉर मॉडर्न साईंटिफिक इन्क्वॉयरी पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस अवसर पर एमएससी प्रथम, द्वितीय वर्ष के लगभग 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला के प्रथम दिन के दूसरे सेशन में स्काईलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग, रोहतक के अजय देशवाल ने विद्यार्थियों को जियो स्पेशियल टेक्नोलॉजी, एप्लीकेशन्स एंड करियर ऑपर्च्युनिटीज से अवगत करवाया। मंच का संचालन एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा सिमरन द्वारा किया गया। इस अवसर पर भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू शर्मा,गरिमा, किरण, डॉ. विभा, स्वाती, नेहा, सुखबीर एवं गैर-शिक्षक वर्ग के ठाकुर एवं बाबूलाल उपस्थित रहे।

# समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले पीएम मातृत्व वंदना योजना का लाभ

■ समीक्षा बैठक में अधिकारियों को डीसी ने दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने सोमवार को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की प्रगति की समीक्षा को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में योजना के तहत लाभार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं, पंजीकरण की स्थिति और भुगतान प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पात्र गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिलना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि बड़ी संख्या में पात्र महिलाएं अभी भी योजनाओं से वंचित हैं, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उनके पंजीकरण में कुछ आंगनबाड़ी कर्मचारी लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने दो सप्ताह उपरांत फिर से बैठक बुलाने के निर्देश देते हुए कहा कि अगली बैठक में ब्लॉक वाइज सभी आंगनवाड़ी क्षेत्रों के डेटा उपलब्ध होने चाहिए। सेम-मैम योजना की समीक्षा करते हुए डीसी ने कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों की पहचान, उपचार और पोषण प्रबंधन को लेकर किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कुपोषण मुक्त समाज बनाना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए सेम-मैम श्रेणी में आने वाले बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें आवश्यक पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं।

### चिह्नित अपराधों से जुड़े केसों में हो तुरंत कार्रवाई

**हिसार।** लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मासिक चिन्हित अपराध, एससी/एसटी एक्ट केस समीक्षा तथा डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि चिन्हित अपराधों से जुड़े मुकदमों में त्वरित कार्रवाई की जाए। जिला न्यायवादी यह सुनिश्चित करें कि मामलों की सुनवाई में अधिक लंबी तारीख न मिले। पुलिस विभाग यह सुनिश्चित भी करें कि गवाहों को प्रभावित न किया जा सके। एससी/एसटी से संबंधित मामलों की समीक्षा के दौरान विशेष सतर्कता बरतते हुए और दोषियों को सख्त सजा दिलवाने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जाने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि न्याय प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने लोक अभियोजकों और जांच अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर भी बल दिया। डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक के दौरान जिला नगर योजनाकार ने बताया कि जिले में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। संभावित अवैध कॉलोनियों की सूची समय-समय पर तहसीलदारों को भेजी जाती है, ताकि संबंधित जमीनों की रजिस्ट्रियां रोकी जा सकें। बैठक में नगराधीश हरिराम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कुलदीप बिश्नोई ने किया सैन धर्मशाला का शिलान्यास

**आदमपुर।** बिजली निगम कार्यालय के पास सेन सभा आदमपुर द्वारा निर्माणाधीन धर्मशाला का शिलान्यास भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई एवं किरमारा शिव मंदिर के संत युगल गिरी महाराज ने संयुक्त तौर पर किया। इस मौके पर कुलदीप बिश्नोई ने धर्मशाला निर्माण के लिए के लिए सरकार की तरफ से सहयोग हर सम्भव सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर युगल गिरी महाराज ने भी धर्मशाला निर्माण के लिए 2 लाख 1000 रुपये का सहयोग देने की घोषणा की। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के अध्यक्ष ठाकुर पवार, राजाराम खीचड़, सरपंच कपिल खिचड़, सेन सभा के प्रधान सीताराम, उप प्रधान दुलाराम, रोहतास पवार ,कृष्ण लाल भाटी, राम मूर्ति, कुलदीप सदलपुर, आजाद सरपंच डोभी, कृष्ण चौहान, सुभाष दिओदिया, अनिल सेन, गौरी शंकर, प्रेमपाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### जाट कॉलेज में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वित्तीय जागरूकता, बचत, निवेश तथा सही आर्थिक निर्णय लेने के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जगदीप सिंह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज प्रशिक्षक रहे, जिन्होंने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार छोटी-छोटी बचत और सही निवेश के माध्यम से धन को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी प्रारम्भिक आयु से ही सही वित्तीय निर्णय लेना सीख लें, तो वे अपने भविष्य को अधिक सुरक्षित और सफल बना सकते हैं। उन्होंने म्यूचुअल फंड, बीमा, बचत योजना तथा दीर्घकालीन निवेश के महत्व पर भी प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. सुरेन्द्र कुमार बाजिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकों डॉ. नेहा डांगी, डॉ. चेतना ढुल, डॉ. सुशील बजाज, डॉ. सविता, प्राध्यापिका प्रीति, प्राध्यापिका सीमा तथा प्राध्यापक डॉ यशोदीप यादव का विशेष सहयोग रहा।

### मेहनत व लगन से असिस्टेंट प्रोफेसर बने मनवीर

**नारनौंद।** नारनौंद सरकारी स्कूल के छात्र मनवीर का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर (भूगोल) के पद पर हुआ है। साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले मनवीर ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास से यह मुकाम हासिल किया है। मनवीर ने अपनी स्कूली शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौंद से प्राप्त की थी। इसके बाद उन्होंने राजकीय महाविद्यालय, नारनौंद से स्नातक की पढ़ाई पूरी की तथा भूगोल विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से स्नातकोत्तर किया। वर्तमान में वे बनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान से पीएचडी कर रहे हैं। नारनौंद निवासी मनवीर की इस उपलब्धि से उनके शिक्षकों और क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। उनके शिक्षक रहे डॉ. अजय लोहान का कहना है कि मनवीर हमेशा से मेहनती और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनवीर की सफलता का राज उनकी मेहनत और अनुशासन है।

### क्लोजर मीटिंग में साझा किए अनुभव

# निपुण भारत मिशन को सफल बनाने में मेंटर्स का अहम योगदान : डीईईओ

**हिसार।** जिला में शिक्षा विभाग एवं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से संचालित शैक्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत क्लोजर मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी ब्लॉकों के मेंटर्स, बीआरपी तथा एबीआरसी ने भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए और कार्यक्रम की उपलब्धियों की समीक्षा की। बैठक में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रामरतन, डीपीसी विजेंद्र सिंह तथा जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर प्रमोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत जिले में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें मेंटर्स और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की ओर से सभी बीआरपी और एबीआरसी मेंटर्स को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन टीम की ओर से आरपीएम ओमपाल, शिल्पा, बीनू, हनुमान, दीपक, कप्तान और कमरूदीन सहित सभी ब्लॉक नोडल एफएलएन भी उपस्थित रहे।

### रामायण के फुटबॉल टूर्नामेंट में मसूदपुर की टीम बनी विजेता

**हिसार।** रामायण गांव में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट को कैनरा बैंक की हिसार कैंट शाखा द्वारा प्रायोजित किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक पंकज वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कैनरा बैंक हिसार कैंट शाखा की ओर से भगत सिंह फुटबॉल क्लब रामायण को खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए 15 स्पोर्ट्स किट और 10 फुटबॉल भेंट किए गए। प्रतियोगिता में मसूदपुर की टीम विजेता रही। इस मौके पर भगत सिंह युवा क्लब रामायण की ओर से खेलों के संचालक विक्रम मलिक ने कैनरा बैंक का आभार व्यक्त किया। शाखा प्रबंधक पंकज वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कैनरा बैंक हमेशा से समाज सेवा और ग्रामीण विकास के कार्यों में अग्रणी रहा है। बैंक का उद्देश्य केवल बैंकिंग सेवाएं देना ही नहीं, बल्कि युवाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना भी है।

### आदमपुर से कोटड़ी धाम के लिए बस रवाना

**आदमपुर।** आदमपुर से कोटड़ी धाम सती दादी मंदिर के लिए बस रवाना हुई, जिसमें सैकड़ों सोनी समाज के लोग कोटड़ी धाम के लिए रवाना हुए। बस को सोनी समाज के पदाधिकारी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मनीराम सोनी, सुरेश कुमार, महेश कुमार, प्रवीण कुमार, चंद्र मोहन, कुलदीप कुमार, रमेश कुमार सहित अनेक भक्त जन उपस्थित उपस्थित रहे थे।

### 18 को निंकुज कामरा व 19 को बब्बू भैय्या करेंगे हरि नाम संकीर्तन

# सुंदर कांड के पाठ से शुरू होगा हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान का त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

**ऋषि नगर स्थित हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान का 70वां वार्षिक महोत्सव व हिंदू नववर्ष विक्रमी संवत 2083 मंदिर प्रांगण में 17 से 19 मार्च तक धूमधाम से मनाया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रमों के दौरान सुंदरकांड पाठ, हरिनाम संकीर्तन, हवन, ध्वजारोहण और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।**

**मंदिर सभा के महासचिव सुभाष टीनू आहुजा ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत पहले दिन सायंकाल 7 बजे सुंदर कांड पाठ से की जाएगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन 18 मार्च को सायं 7 बजे से 10:30 बजे तक दिल्ली की भजन गायिका सुश्री निकुंज कामरा द्वारा हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा। महोत्सव के अंतिम दिन 19 मार्च को प्रातः 8 बजे हवन, 10 बजे ध्वजारोहण तथा प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक दिल्ली के भजन गायक बब्बू भैय्या हरिनाम संकीर्तन करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।**

हिसार। वार्षिक महोत्सव व हिंदू नववर्ष विक्रमी संवत समारोह का निमंत्रण देते सदस्य।

**मंदिर सभा के प्रधान राजकुमार सेतिया, महासचिव सुभाष (टीनू) आहूजा, कोषाध्यक्ष अशोक ग्रोवर, उपप्रधान डॉ. अमर ठकराल, लीगल एडवाइजर एडवोकेट रवि महता, भंडारा इंचार्ज मनोज नागपाल, कार्यक्रम संयोजक सुरेन्द्र बजाज, जगदीश गांधी, बिट्टू तनेजा, शुभम वलेचा आदि ने बैठक कर मंदिर सभा की ओर से शहर वासियों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया।**

### एनआईआरसी हिसार ब्रांच के सेमिनार में आयकर विधेयक के विविध आयामों को किया स्पष्ट

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच की ओर से आयकर विधेयक-2025 पर आधारित सेमिनार हुआ। इस सेमिनार में आयकर विधेयक के विविध आयामों पर चर्चा कर संरचनात्मक सुधार एवं इसके व्यावहारिक प्रभावों पर भी गहन मंथन किया गया। फतेहाबाद में हुए इस सेमिनार में अतिथि वक्ता सीए अभिषेक जैन, एक्स ऑफिशियो सदस्य व अतिथि वक्ता सीए रतन सिंह यादव, एनआईआरसी हिसार ब्रांच के सचिव सीए राजेश सिहाग, कोषाध्यक्ष सीए सुनील गोदारा व कार्यकारी सदस्य सीए मुकुल मित्तल मौजूद रहे। इस दौरान फतेहाबाद के आईटीओ संजय सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। सेमिनार के दौरान अतिथियों को पौधे भेंट करके सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने आयकर विधेयक से संबंधित विभिन्न विषयों को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि आयकर को सरल, संक्षिप्त और पारदर्शी बनाने का प्रयास है, जिसका उद्देश्य मुकदमों को कम करना और आम आदमी के लिए टैक्स अनुपालन को आसान बनाना है। करदाताओं के अनुकूल और डिजिटलीकरण व बेहतर अनुपालन पर नए विधेयक में जोर दिया गया है। इस सेमिनार के आयोजन में एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अजय गोयल, वाइस चेयरमैन सीए विशेष भारद्वाज, एनआईसीएएस चेयरमैन सीए प्रतीक आर्य व एनआईआरसी हिसार ब्रांच के पूर्व चेयरमैन सीए अमन बंसल का विशेष सहयोग रहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005